मानव के सर्वांगीण विकास हेतु योग जरूरी – वीयू कुलपति प्रोफेसर तिवारी

जबलपुर। 21 जून 2022 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी के मार्गदर्शन तथा अधिष्ठाता डॉ. ए.पी. सिंह के कुशल नेतृत्व में मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में विश्व योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, महाविद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचतत्व फाउंडेशन प्रमुख तथा वाटर वूमेन शीर्षक से ख्यातिप्राप्त शुश्री क्षिप्रा पाठक

मंचासीन रही, विगत 14 जून से महाविद्यालय में साप्ताहिक योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा था, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में छात्रों को योग प्रशिक्षण, जीवन दर्शन एवम अध्यात्म ज्ञान के साथ–साथ शैक्षणिक व साक्षरता से संबद्ध विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे स्लोगन, राइटिंग, भाषण प्रतियोगिता, निबंध एवम वादविवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसके विभिन्न प्रारूपों में 35 छात्र–छात्राओं ने विशेष रूप से हिस्सा लिया, इन कार्यक्रमों का आयोजन माननीय कुलपति जी के मार्गदर्शन एवम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. ए.पी. सिंह के निर्देशन में किया गया, प्रतियोगिता में निबंध लेखन में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार साक्षी कटरे, अंकित चौधरी, सना अंसारी स्लोगन राइटिंग में सोनाली साहू, यशस्वी पटेल, श्रृष्टि जोसेफ वादविवाद में साक्षी कटरे, श्रेया अवस्थी, निशिका शर्मा, भाषण में रंजीत सिंह, साक्षी सिंह, अल्सीफा खान ने स्थान प्राप्त किया, प्रशिक्षण

एवम प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए,

कार्यक्रम में अपने उद्बोधन के दौरान माननीय कुलपति प्रो सीताप्रसाद तिवारी जी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की, तथा योग को जीवन का अहम हिस्सा बताते हुए अपने कई अनुभव साझा किए, माननीय कुलपति जी ने कहा की योग न सिर्फ हमें शारीरिक संबलता प्रदान करता है अपितु मानसिक विकास एवम आत्मिक बल का कारक भी बनता है, कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता संकाय डॉ एम.के. मेहता, कुलसचिव डॉ एस.के. जोशी, भी मंचाशीन रहे, साथ ही महाविद्यालय के एसोसिएट प्रो. डॉ. एस.के. महाजन, डॉ माधुरी शर्मा, विश्वविद्यालय आई.पी.आर.ओ. डॉ सोना दुबे, की भी विशेष उपस्थिति रही, सभी टीचिंग एसोसिएट शिवानी पाठक, प्रियंका गौतम, अनिल केवट, सत्येंद्र कटारा, एवम प्रतीक कुमार तिवारी सहित नॉन टीचिंग स्टाफ की विशेष सहभागिता रही, योग प्रशिक्षक की भूमिका में महाविद्यालय की छात्रा विशाखा राजौरिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, फलस्वरूप कुलपति जी ने छात्रा विशाखा राजौरिया को विशेष सम्मान एवम प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा भी की, योग प्रशिक्षण कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक एवम संयोजक असिस्टेंट प्रो. डॉ. प्रीति मिश्रा रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर